## खबर संक्षेप

### आरिज खान ने बढ़ाया गौरव



**हरिभूमि न्यूज शहडोल।** ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 10 में अध्ययनरत आरिज खान ने एमपी बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में 454 अंक 90.8 प्रतिशत अर्जित किया गया, जिसमें गणित विषय में 99 अंक, विज्ञान में 98 अंक सम्मिलित हैं। आरिज खान के पिता परवेज खान पुलिस विभाग में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ है। आरिज खान डॉक्टर बनकर गरीबों असहाय लोगों की सेवा करना चाहते हैं। आरिज खान ने अपनी इस उपलब्धी का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया।

### विश्व थैलेसीमिया दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली



**हरिभूमि न्यूज शहडोल।** विश्व थैलेसीमिया दिवस के उपलक्ष्य में एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन शहडोल एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स, दिशा वेलफेयर एसोसिएशन एवं सांझी रसोई (मीत एक साथी सोशल सर्विसेस समिति की इकाई) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. शिल्पी सराफ सीएस जिला अस्पताल का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोटरी क्लब विराट, इनर व्हील क्लब शहडोल, एनसीसी कैडेट्स, शिवानी पैरामेडिकल कॉलेज एवं विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज, थैलेसीमिया योद्धा का भी विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य रक्तदान के लिए प्रेरित करना ,थैलेसीमिया के प्रति जनमानस में जागरूकता फैलाना और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना था। सभी प्रतिभागियों और सहयोगी संस्थाओं का इस महत्वपूर्ण मुहिम में योगदान सराहनीय रहा।

### श्री गहोई वैश्य समाज के अध्यक्ष बने शशिशंकर

**हरिभूमि न्यूज शहडोल।** श्री गहोई वैश्य समाज के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में चुनाव अधिकारियों द्वारा शशिशंकर सुहाने को समाज द्वारा निर्धारित समय के लिए श्री गहोई वैश्य समाज का जिलाध्यक्ष निर्वाचित करते हुए चुनाव अधिकारी डी.के.रूसिया, चुनाव अधिकारी श्याम बिहारी ददरिया, चुनाव अधिकारी प्रकाश चंद्र चौदहा एवं समाज के लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं एवं शहडोल गहोई समाज के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

### शिक्षक संघ का प्रांतीय अभ्यास वर्ग अमरकंटक में आयोजित

**हरिभूमि न्यूज शहडोल।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ शहडोल के अध्यक्ष लालजी तिवारी द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ शहडोल संभाग को प्रांतीय अभ्यास वर्ग का दायित्व मिला है, अभ्यास वर्ग में संयोजक महेंद्र त्रिपाठी, प्रांतीय सचिव अनिल सिंह, संभागीय अध्यक्ष संगठन मंत्री नरेंद्र पटेल , शहडोल उमरिया अनूपपुर के जिला अध्यक्ष लालजी तिवारी, कैलाश गौतम, संजय निगम द्वारा यह आग्रह पूर्वक अपील की गई है कि तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग 10 से 12 मई समस्त हमारे पुराने सभी मार्गदर्शक सेवानिवृत्ति शिक्षक संरक्षक के साथ-साथ नगर, ब्लॉक, तहसील, जिला सभी इकाइयों के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यों सहित जिले में संभाग के पदाधिकारी जिले से प्रांतीय पदाधिकारी पूर्व एवं वर्तमान यथा उचित समय निकाल कर मां नर्मदा सोनभद्र एवं जोहिला के संगम केंद्र तीर्थ क्षेत्र अमरकंटक में प्रांतीय अभ्यास वर्ग 10, 11 एवं 12 मई को होने जा रहा है, शिक्षक संघ के समस्त जिम्मेदार इस कार्यक्रम को अभूतपूर्व बनाने में तन मन धन से समर्पित भाव से लगे हुए हैं, इस अवसर पर कहीं हम इतने बड़े आयोजन के प्रत्यक्षदर्शी ना बन सके, इसलिए शहडोल संभाग के आयोजक संभाग के नाते संख्या बल अपेक्षित ना होकर हम सभी जिम्मेदार साथियों को सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया गया है।

### तीन में से एक प्रहरी पर फोड़ा ठीकरा, जांच अभी जारी

# ...तो जेलर को अभयदान: वसूली की सजी दुकान







**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/शहडोल।** 25 अप्रैल को संभाग के अनूपपुर जिले में स्थित जेल के मुखिया मातहतों के माध्यम से रिश्वत लेते कैमरे में कैद हुए थे, 27 अप्रैल को हरिभूमि ने खबर को शासन के संज्ञान में लाया, इसी दिन एक प्रहरी पर कार्यवाही हुई, बाकी जांच के दायरे में ले लिए गये, लगभग एक पखवाड़े के दौरान जांच कहां पहुंची, इसकी कोई खबर नहीं, अलबत्ता जेलर को अभयदान फिर सज गई वसूली की दुकान की चर्चाएं सुनी जा रही है। रिश्वत का खुला खेल-खेलने वाले अनूपपुर जेल के प्रभारी को मानो जेल विभाग ने खुली छूट दे रखी हो, मातहतों के माध्यम से उनकी करतूतें एक नहीं बल्कि हर दिन यहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद होती रही, लेकिन उसकी जांच और कायदों की सीमा रेखा तोडऩे वाले जेलर इंद्रदेव तिवारी को मानो विभाग ने ही लूट की ही खुली छूट दे रखी हो, 27 अप्रैल को रिश्वतकाण्ड के वीडियो तक सामने आने के बाद न तो इन्द्रदेव को अनूपपुर से हटाया गया और न ही कोई कार्यवाही की गई, अलबत्ता जांच का ऐसा कोरम शुरू कर दिया गया, जिसका कोई अंत ही नहीं है। वीडियो में खुले तौर पर एक प्रहरी के द्वारा रूपये लेकर दूसरे, फिर तीसरे के हाथ में दिये गये, लेकिन यहां भी इन्द्रदेव के प्रभाव का असर नजर आया। कार्यवाही व जांच के दायरे में निलंबित प्रहरी के बाद सिर्फ इन्द्रदेव को ही रखा गया, अचरज और शर्म तो इस बात की है कि इस पूरे मामले में जेल प्रबंधन के द्वारा कोई प्रेसनोट तक जारी नहीं किया गया।

### लूट की खुली छूट

जेल के अंदर से बंदियों और कैदियों के रिश्तेदारों को फोन करवाकर खुलेआम वसूली और मिलने की सुविधा पर रूपये वसूलने तथा बैरक नंबर 5 के व्हीआईपी ट्रीटमेंट जैसे मामले आज भी बदस्तूर जारी हैं। इसके पीछे जेल विभाग का ढीला-ढाला रवैया और कार्यवाही को लेकर बरती जा रही देरी प्रमुख कारण है। जेलर इन्द्रदेव तिवारी के मामले में भी पीड़ित महिला ने स्पष्ट रूप से शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाईन में दर्ज कराई थी, जिसमें जेल के अंदर से कांफ्रेंस के माध्यम से वसूली किये जाने की शिकायत की गई थी, इस मामले में भी जेल विभाग के द्वारा कोई भी जांच फिलहाल होती नजर नहीं आ रही है। जिन नंबरों से वसूली की धमकी दी गई थी, उसकी कॉल डिटेल और तथाकथित व्यक्ति को जांच के दायरे से बाहर रखकर विभाग खुद ही लूट को खुली छूट देता नजर आ रहा है।

### न बयान, न गवाह, सिर्फ कोरम

एक पखवाड़े के दौरान जेल विभाग ने मुख्यमंत्री मोहन यादव और भाजपा सरकार की जीरो टॉलरेंस की मंशा को भी पलीता लगा दिया है। हालात इतने बदतर हैं कि जेल विभाग के द्वारा रीवा केन्द्रीय जेल के अधीक्षक एस.के. उपाध्याय के द्वारा 27 अप्रैल को आदेश जारी कर मुकेश सिंह ठाकुर नामक प्रहरी पर कार्यवाही की गई, वहीं जेलर इन्द्रदेव तिवारी को नोटिस भी दिया गया, जेल विभाग से जुड़े सूत्रों पर यकीन करें तो, नोटिस मिलने के बाद अनूपपुर जेलर ने अपना बयान भी विभाग को भेज दिया है, यही नहीं जेल के सीसीटीवी फुटेज भी निकालकर जांच किये जाने की खबर है, इस मामले में केन्द्रीय जेल रीवा के अधीक्षक की मीडिया से दूरी और की जा रही जांच व कार्यवाही के संबंध में भी स्पष्ट पुष्टि न होने से विभाग कटघरे में खड़ा नजर आ रहा है, यह भी बताया गया कि इस मामले में पीड़िता सहित उसके जेठ और अन्य परिजनों के बयान तक नस्तीबद्ध नहीं किये गये हैं, अलबत्ता जेलर को अनूपपुर में ही रखकर इस मामले को बंदी के माध्यम से पटाक्षेप के करने के प्रयास किये जाने की खबर है।

### यह था मामला

संभाग के अनूपपुर जिला जेल में भ्रष्टाचार का खुलासा हरिभूमि के पास शिकायत आने के बाद किया गया है, यहां कमरा नंबर 5 में 5 हजार में वीआईपी सुविधा, जेल में जेलर इंद्रदेव तिवारी प्रधान आरक्षक के मार्फत कैदियों के परिजनों से खुलेआम वसूलने का वीडियो खूफिय़ा कैमरे में कैद किया गया था, अनूपपुर जिला जेल में पदस्थ प्रधान आरक्षक पर कैदियों से मिलने आए परिजनों से अवैध रूप से पैसे वसूलने का गंभीर आरोप कैमरे में कैद हुआ था, कथित प्रधान आरक्षक जेलर की जेब भरने के लिए लोगो से जेल में खुलेआम पैसा वसूलता नजर आ रहा था, इस बात का पूरा खुलासा तब हुआ जब शहडोल जिले के बुढ़ार की रहने वाली जेल में बंद कैदी से मिलने आई तो, सबसे पहले उससे 22 सौ रूपये की मांग की गई, हरिभूमि समाचार पत्र से मदद की मांग की, महिला के मांग पर हरिभूमि ने घूसखोर जेल के प्रधान आरक्षक का पैसा लेने का वीडियो अपने गुप्त कैमरे में कैद कर लिया, जिसमें प्रधान आरक्षक जेलर को 2 हजार रूपये व खुद के लिए दो सौ रूपये लिया, इतना ही नहीं उक्त प्रधान आरक्षक जेल में व्हीआईपी सुविधा दिलाने के नाम पर 5 हजार रुपये की तक डिमांड कर डाली और बताया कि 5 हजार देने के बाद कैदियों को कैसे व्हीआईपी सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

## पीएम श्री कन्या विद्यालय की छात्राओं ने किया उल्लेखनीय प्रदर्शन

### 10 वीं की श्रुति, 12 वीं की छात्रा सपना ने किया विद्यालय को गौरान्वित



**हरिभूमि न्यूज अमलाई।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट 2025 के परीक्षा परिणाम में पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुरी के कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम 97.43 प्रतिशत तथा कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम 97.87 प्रतिशत रहा है। प्राचार्य श्रीमती अनुपमा प्रकाश के मार्गदर्शन में विद्यालय परिवार के शिक्षकों द्वारा दिए गए गुणवत्तायुक्त शिक्षा से यह सार्थक प्रयास परिलक्षित हुआ। प्राचार्य के निर्देशन में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी कराने तथा कमजोर बच्चों को विषय वार तैयारी से उत्साहजनक परिणाम परिलक्षित हुआ है।



पीएम श्री शासकीय कन्या उ.मा.वि. धनपुरी की कक्षा 10 वीं की छात्रा कुमारी श्रुति कुशवाहा ने 500 में 442 अंक प्राप्त किए हैं, उनका प्रतिशत 88.4 रहा है। कक्षा 12 वीं की छात्रा सपना यादव ने 500 में से 418 अंक प्राप्त किया है, उनका प्रतिशत 83.6 रहा है। विद्यालय की इन छात्राओं के उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने पर प्राचार्य तथा शिक्षकों ने उनके उत्तरोत्तर प्रगति की मंगल कामना करते हुए शुभकामनाएं दी है। पीएम श्री शासकीय कन्या उ.मा.वि. धनपुरी की इस सफलता पर अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझीः प्रेमी ने किया प्रेमिका का कत्ल

### 10 हजार के इनामी हत्यारे को शहडोल पुलिस ने किया गिरफ्तार




**हरिभूमि न्यूज शहडोल।** जिले के अमलाई थाना क्षेत्र के अमराडंडी निवासी एक महिला, जो एक बच्चे की मां थी, 4 महीने पहले अपने ही घर में मृत पाई गई थी। शव की स्थिति संदिग्ध थी और प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या और हत्या के बीच उलझा हुआ नजर आ रहा था, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच जारी रखी, जांच के दौरान पुलिस को महिला और आरोपी राहुल शर्मा के बीच प्रेम संबंध होने की जानकारी मिली, बताया जा रहा है कि महिला राहुल पर शादी का दबाव बना रही थी, इसी दबाव से परेशान होकर आरोपी ने कमला बाई की हत्या की साजिश रच डाली, आरोपी राहुल शर्मा ने पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि वारदात के दिन उसने महिला का मुंह कंबल से दबाकर उसकी हत्या कर दी थी, जिससे घटना को सामान्य मौत की शक्ल दी जा सके। लगातार चार महीने की कड़ी जांच, तकनीकी साक्ष्य और गवाहों के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी राहुल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरफ्तारी के साथ ही एक लंबित रहस्य से पर्दा उठ गया है।

**इनका कहना है...**

4 माह पहले एक महिला की संदिग्ध अवस्था में शव मिला था, जिसकी पड़ताल के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

**जे.पी शर्मा**
**थाना प्रभारी,**
**अमलाई**

## भारतीय कागज उद्योग कर्मचारी महासंघ का अधिवेशन संपन्न

**शहडोल।** भारतीय कागज उद्योग कर्मचारी महासंघ (संबद्ध - भारतीय मजदूर संघ ) का 13 वां त्रिवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन 3 एवं 4 मई 2025 को ईरोड तमिलनाडु में संपन्न हुआ , जिसमें देश के प्रमुख पेपर मिलों के बी.एम.एस. संगठन प्रतिनिधि शामिल हुए। अधिवेशन के उद्घाटन सत्र को संबोधित भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के वाइस चेयरमैन कृष्ण प्रताप सिंह द्वारा किया गया। अधिवेशन में देश के कई राज्यों के प्रमुख पेपर मीलों से प्रतिनिधि पहुंचे थे। अधिवेशन के आखिरी दिन 4 मई 2025 को महासंघ का आगामी तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया, जिसमें ओरिएंट पेपर मिल अमलाई को प्रमुख दायित्व प्राप्त हुआ। ओरिएंट पेपर मिल अमलाई से शामिल प्रतिनिधि प्रवीण कुमार शुक्ला को राष्ट्रीय महामंत्री का दायित्व एवं अर्जुन जायसवाल को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष व कार्यालय मंत्री का दायित्व प्रताप मांझी को प्राप्त हुआ। ओपीएम कर्मचारियों को राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व प्राप्त होने पर अमलाई के श्रमिक वर्ग, संगठन के कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।






## लोगों ने तालाब की सफाई कार्य में किया श्रमदान

**हरिभूमि न्यूज शहडोल।** जल है प्रकृति का अमूल्य उपहार। बचाओ इसे, यही है जीवन का आधार शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा सवंर्धन अभियान 30 मार्च से प्रारंभ किया है जो कि 30 जून तक संचालित होगा। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। जिले में आगामी तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान सतत चलेगा। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जायेंगे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावडिय़ों और कुँओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य भी किये जा रहे हैं। यह जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय, जनभागीदारी, आमजन और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित होगा, जिसमें मशीन, सामग्री व श्रम का समुचित नियोजन किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संभागीय मुख्यालय शहडोल के लल्लू तालाब में श्रमदान के माध्यम से तालाब की साफ सफाई करने का कार्य किया गया। श्रमदान कार्य में नगरपालिका के अधिकारी, कर्मचारी व सफाई टीम व स्थानीय लोगों ने अपनी भूमिका निभाई।

## आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत, एक घायल

**हरिभूमि न्यूज शहडोल।** जिले में पिछले कई दिनों से हो रही रुक-रुक कर तेज बारिश अब जानलेवा साबित हो रही है। कहीं आकाशीय बिजली तो कहीं जलभराव प्राकृतिक आपदा ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। सबसे बड़ी चिंता का विषय है आकाशीय बिजली गिरने की बढ़ती घटनाएं, जिनमें अब तक 4 से अधिक लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है।



धनपुरी थाना क्षेत्र के अमरकंटक रोड झिल्ली दफाई का है, जहां तेज बारिश से बचने के लिए बरगद के पेड़ के नीचे खड़े मो. मोहशीन और इमरान पर आकाशीय बिजली गिर गई। इस हादसे में मोहशीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इमरान गंभीर रूप से घायल हुआ है और अस्पताल में उसका इलाज जारी है। बीते कुछ दिनों में जिले के अलग-अलग इलाकों में बिजली गिरने की घटनाओं में कई ग्रामीणों की जान जा चुकी है, जिनमें महिलाएं, किसान और मजदूर शामिल हैं। जहां एक ओर बिजली गिरने का खतरा मंडरा रहा है, वहीं दूसरी ओर तेज बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। किसान अब अपनी फसल और जीवन दोनों को लेकर परेशान हैं। गौरतलब है कि इस बेमौसम बारिश ने शहडोल जिले में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बिजली गिरने की घटनाओं के साथ-साथ किसानों की फसलें भी बर्बाद हो रही हैं, जिससे आर्थिक नुकसान भी बढ़ता जा रहा है।

### एसडीएम ने स्वीकृत आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की



**हरिभूमि न्यूज शहडोल।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह ने जिला पंचायत के सभागार में तहसील सोहागपुर अंतर्गत विभिन्न मदो से स्वीकृत ऑगनवाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान एसडीएम ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री जन मन योजना, मनरेगा अभी शरण, लोक परिसंपत्ति के तहत स्वीकृत किए गए आंगनबाड़ी भवनों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जहां आंगनबाड़ी भवन निर्माण में भूमि संबंधी विवाद था उसके तत्काल निराकरण हेतु संबंधित राजस्व के अमले को निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा गया कि आंगनबाड़ी भवन उपयुक्त स्थान पर ही बनाया जाए जहां छोटे बच्चे सुगमता से आंगनबाड़ी केंद्र पहुंच सके। इसके साथ ही आंगनबाड़ी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के संबंध में भी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, परियोजना अधिकारी सोहागपुर आनंद अग्रवाल सहित समस्त पर्यवेक्षक, महिला बाल विकास जनपद पंचायत के उप यांत्रिक एवं संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव उपस्थित थें।



## खबर संक्षेप

### वायु प्रदूषण को रोकने का दिया गया संदेश



**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा एस बी चौधरी ने बताया कि जिला चिकित्सा लय उमरिया में वायु प्रदूषण रोकथाम एवं उससे स्वास्थ्य पर पडने वाले प्रभावों के बारे में रंगोली के माध्यम से संदेश दिया गया । इस अवसर पर सिविल सर्जन डा के सी सोनी, आर एम ओ डा संदीप सिंह, नंदिनी पांडेय, समस्त पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा।

### ग्राम तामान्नारा में जांच शिविर संपन्न



**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सेक्टर स्तर पर सेक्टर अंतर्गत आने वाले सभी कुपोषित बच्चों के स्वा0 में सुधार तथा गंभीर बीमारियों की संभावना के परीक्षण हेतु विशेष स्वा0जांच शिविरों का आयोजन आयोजन 5 मई से किया जा रहा है । जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि उमरिया परियोजना क्रमांक 1 अंतर्गत सेक्टर निगहरी के आंगनबाड़ी केंद्र चंदवार मं शिविर का आयोजन किया गया । सेक्टर स्तर पर आयोजित शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक दबाईयों, प्रोटीन, बिटामिन, आयरन आदि की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई ।

### एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने बताया कि मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि एवं भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 संबंधी एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में किया गया । कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर प्रियंका सोनी ने जिले के उद्यमियों को विभागीय पोर्टल के माध्यम से रिक्त भूखण्डों हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट की आवेदन प्रक्रिया से अवगत कराया । साथ ही विभाग द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में प्रदान की जा सकने वाली सुविधाओं के विषय में भी जानकारी प्रदान की गई।

### माधुरी बचावले का सुयश



**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** पुष्पराजगढ़ जनपद अन्तर्गत ग्राम पंचायत खाटी में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खाटी स्कूल में पढ़ने वाली बारहवीं की छात्रा माधुरी बचावले पिता बुदथे लाल बचावले निवासी ग्राम पंचायत कुमहरवार ने बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2025 के निकले परिणाम में विज्ञान संकाय में अपने विद्यालय में 78 प्रतिशत अंक लाकर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इससे यह साबित होता है की गांव में रहने वाले युवा भी बिना किसी कोचिंग के भी यदि लगन से मेहनत करते हैं तो अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं। छात्रा माधुरी ने अपने सफलता का श्रेय अपने विद्यालय के प्राचार्य रंग लाल सारीवान एवं अपने शिक्षकों को दिया।

जनपद सहित जिले में बैठे जिम्मेदार हुए निश्चिंत

# करकेली जनपद में भूत कर रहे निर्माण कार्य

### भ्रष्टाचार का लालन-पालन कर रहा तकनीकी अमला

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** ग्राम पंचायतों में हो रहे भ्रष्टाचार के पीछे सबसे बड़ा हाथ तकनीकी अमले का है, तकनीकी अमले द्वारा समय-समय पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ ही स्टीमेट के अनुसार कार्य हो रहा है कि नहीं, इस पर ध्यान न देना या यूं कहें कि भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए मनमाने की कार्य की छूट दी हुई है। जिले की जनपद पंचायत करकेली में बीते वर्षो में उपयंत्री आज तक अपने लिए आवंटित सेक्टर की ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य के दौरान कितने घंटे मौजूद रहे हैं, यह कार्य की गुणवत्ता को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है, चर्चा है कि जनपद पंचायत के बाहर जो सरपंच दिखाई देते हैं, वे केवल अपनी ग्राम पंचायत में पदस्थ उपयंत्रियों को तलाशने ही आते हैं। निर्माण कार्य के मूल्यांकन के लिए उपयंत्रियों सहित एसडीओ का कमीशन तय है, जिसके बाद ग्राम पंचायत के जिम्मेदार खुद तकनीकी जानकार बनकर निर्माण कार्य करवाते हैं या फिर मेटों के भरोसे कार्य छोड़ दिया जाता है। हालाकि यह जानकारी जनपद से लेकर जिले में बैठे नौकरशाहों को भी है, लेकिन उन्हें भी फर्जी आंकड़ों को राजधानी तक पहुंचाने में ज्यादा सहूलियत महसूस होती है।

### मजदूरी भुगतान गायब

करकेली जनपद की देवरी मजिरा पंचायत में संतोष कोल के घर से घुलघुली तक सीसी रोड मरम्मत कार्य 02 अक्टूबर 2024 को स्वीकृत हुआ था, इसका बजट 3 लाख 85 हजार रूपये निर्धारित किया गया था। उक्त



निर्माण कार्य में 3 लाख 76 हजार रूपये निर्माण सामग्री पर व्यय कर दिया गया, जानकारों की माने तो स्टीमेट में अगर मजदूरी भुगतान नहीं है, उसके बावजूद निर्माण कार्य में मजदूरी का प्रतिशत निकालकर मस्टर के अनुसार भुगतान करना है, लेकिन पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा निर्माण सामग्री के सप्लायर को ही पूरा भुगतान कर दिया गया है।

### तय नहीं हो पाती जवाबदेही

जिले की पंचायत व्यवस्था बगैर राजा की फौजी की तर्ज पर चल रही है, ग्राम पंचायतों में होने वाले भ्रष्टाचार के लिए जहां उपयंत्री जिम्मेदार हैं, वहीं इन पर नकेल कसने वाले भी कम जिम्मेदार नहीं है, जनपद से लेकर जिले के वातानुकूलित कक्षों में बैठे जिम्मेदारों को खुद को ईमानदारी की मूरत बताने से फुर्सत नहीं है, जनपद सहित जिला पंचायत में दफन भ्रष्टाचार का जिन्न अलग ही कहानी बयां कर रहा है, लगातार पंचायतों में भ्रष्टाचार चल रहा है, लेकिन कार्यवाही का भय मैदानी अमले को नहीं है, बीते माहों में भ्रष्ट कर्मचारियों के प्रभार देने के बाद यह तो स्पष्ट हो गया कि ईमानदारी से काम किया तो, कार्यवाही तय है, लेकिन भ्रष्टाचार करने के बाद सब समय से हुआ तो, कार्यवाही से परहेज रहेगा।

### साहब कहीं आप तो नहीं


ग्राम पंचायत देवरी मजिरा में सीसी रोड मरम्मत कार्य के नाम पर ऑन रिकार्ड मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया, जिससे ऐसा लगता है कि पंचायत, जनपद एवं जिला पंचायत के जिम्मेदार रात के अंधेरे में निकलकर आते हैं और निर्माण कार्य करते हैं या फिर ग्राम पंचायतों में मजदूरों की जगह भूत निर्माण कार्य कर रहे हैं, हालाकि साहब को अगर जानकारी हुई तो, वह खण्डन जरूर निकलवा सकते हैं, मामला चाहे जो हो, लेकिन वरिष्ठ कार्यालयों में बैठे अधिकारियों को अपनी गरिमा का ख्याल रखते हुए समय-समय पर धरातल पर जाकर निरीक्षण के साथ ही जिले में बैठे दल से भ्रष्टाचार के मामलों की जांच जरूर करानी चाहिए।

## अमृत सरोवर, खेत तालाब बनाने का किया जा रहा कार्य

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीण अंचलों में अमृत सरोवर, खेत तालाब, डग वेल रिचार्ज, पूर्व से प्रगतिरत कार्यो को अभियान के दौरान पूर्ण करने, तालाबों का जीर्णोध्दार पूर्व वर्षो के पूर्ण अमृत सरोवर जिन्हें अभियान अवधि के दौरान राजस्व रिकार्ड में दर्ज कराने का कार्य किया जा रहा है ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में 11 का लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिसमें करकेली के लिए 5 मानपुर के लिए 5 तथा पाली के लिए 1 का लक्ष्य शामिल है । स्थल चयन की संख्या 23 है । 11 अमृत सरोवरों में 9 की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है जिसमें करकेली के 5 मानपुर में 4 कार्य प्रारंभ है। इसी तरह खेत तालाबों की संख्या 710 है जिसमे करकेली के 280 मानपुर के 270 तथा पाली के 160 खेत तालाब शामिल है । स्थल चयन की संख्या 740 है । 627 में तकनीकी स्वीकृति तथा 620 में प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है । प्रारंभ कार्यो की संख्या 426 है । डग वेल रिचार्ज के तहत करकेली में 450 लक्ष्य के विरूध्द 450 स्थलों का चयन किया गया है । 425 में तकनीकी स्वीकृति , 419 में प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है । प्रारंभ कार्यो की संख्या 204 है । मानपुर में 450 लक्ष्य के विरूध्द 450 स्थल चयन किए गए है । 443 में तकनीकी स्वीकृति, 443 में प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है तथा प्रारंभ कार्यो की संख्या 184 है । पाली में 200 लक्ष्य के विरूध्द 209 स्थल चयन किए गए है । 209 में तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति तथा प्रारंभ कार्यो की संख्या 82 है । इसी तरह जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 10 तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है जिसमें मानपुर के 8 तालाब तथा पाली के 2 तालाब शामिल है । जिसमें तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है । पूर्व वर्षो के पूर्ण अमृत सरोवर जिन्हे अभियान अवधि के दौरान राजस्व रिकार्ड मे दर्ज कराया जा रहा है , की संख्या 116 है जिसमें करकेली जनपद पंचायत के 46 मानपुर जनपद पंचायत के 30 पाली जनपद पंचायत के 20 तथा वाटरशेड परियोजना के 20 अमृत सरोवर शामिल है ।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सीएमएचओ ने किया निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.बी.चौधरी ने विगत दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने प्रसव कक्ष, अन्तः भर्ती कक्ष, बाह्य रोगी कक्ष, लैब कक्ष, एएनसी और पीएनसी वार्ड में प्रदाय की जाने वाली स्वास्थ्य सेवायो एवं उपलब्ध स्टोर में दवाइयां का अवलोकन किया। साथ ही अस्पताल के अंदर तथा बाहर विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था के साथ साथ साफ सफाई के लिए निर्देश दिये । इस दौरान उन्होने भर्ती मरीजों से अस्पताल व्दारा उपलब्ध कराई जा रही दवाईयों तथा उनसे स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की ।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 150 लोगों की जांच की गई



**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मां बिरसिनी क्रिकेट स्टेडियम पाली में किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे ने जांच करा कर किया। स्वास्थ्य शिविर में मुख्य रूप से ब्लड प्रेशर ,शुगर ,सिकल सेल, एचआईवी, सीबीसी व आदि जांच निशुल्क की गई। इस दौरान मरीजों को निशुल्क दवाओं का वितरण कर शिविर में 150 से ज्यादा लोगों का परीक्षण किया गया और उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। पाली थाना प्रभारी मदनलाल मारवी व प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि युवा टीम मानव सेवा के लिए समर्पित रहती है।इस प्रकार के शिविर लगने से यह पहल एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकती है. उन्होंने कहा कि लोगों को नियमित रूप से अपनी स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए और स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए।स्वस्थ जीवनशैली में संतुलित भोजन नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद शामिल है। टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम केवल चिकित्सा सुविधा तक सीमित नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य समाज के प्रति सेवा, सहानुभूति और समर्पण के मूल्यों को प्रोत्साहित करना भी था। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी देखी गई।शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के दौरान पुलिस पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे,रेवा शंकर, स्वास्थ्य विभाग से एएनएम अनुराधा मिश्रा, कौशल्या सिंह, लैब टेक्नीशियन अमसिया सिंह ,शीतल साहू, टीम संयोजन हिमांशु तिवारी,खुशी सेन, मुस्कान महोबिया, शिखा बर्मन, लक्ष्मी महोबिया, वैष्णवी बर्मन, रुद्र प्रधान,अतिव्य रजक, आरुष शिवहरे, संजीवनी पटेल, माही पटेल, निरंजन कुशवाहा, नेहा सिंह, पलक सिंह रघुवंशी, स्नेहा सिंह, एवं सभी शामिल रहे।

## वेंकटनगर पुलिस द्वारा गुमशुदा तलाश कर किया गया माता पिता के सुपुर्द



**हरिभूमि न्यूज जैतहरी।** 07 अप्रैल को सूचनाकर्ता कृष्णा कुमार चौधरी पिता रामनरेश चौधरी उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम वेंकटनगर द्वारा पुलिस सहायता केन्द्र वेकंटनगर में सूचना दी गई की 07 अप्रैल को 11.00 बजे मेरी पत्नि मेरी 05 वर्ष की बच्ची को अपने साथ लेकर बिना बताये कही चली गई हैं जो नात रिश्तेदारो मे पता किया कोई पता नही चला की सूचना पर गुम इसांन क्र. 37/25 कायम कर पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान, अति पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, एसडीओ(पी.) सुमित केरकट्टा निर्देशन एवं थाना प्रभारी जैतहरी अमर वर्मा के मार्गदर्शन में लगातार गुमशुदा व्यक्तियो के तलाश पतासाजी हेतु चलाये जा रहे अभियान तहत वेकंटनगर पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुये गुमशुदा कि तलाश लगातार की जाकर गुमशुदा महिला उम्र 27 वर्ष एवं बच्ची उम्र 05 वर्ष को 08 मई के 11.45 बजे दस्तयाब किया जाकर गुमशुदा के माता-पिता निवासी ग्राम वेकंटनगर के सुपुर्द किया गया उक्त दस्तयाबी में चौकी प्रभारी वेंकटनगर उप निरीक्षक अमरलाल यादव, प्र.आर.81 सुखदेवराम भगत, एवं आर. 281 सोनू पर्ते, आर. 288 विजय टाटू का विशेष योगदान रहा।



### 24 घंटे के अंदर गुमइंसान दस्तयाब की कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. पुष्पराजगढ़ (पुलिस) के मार्गदर्शन में थाना राजेन्द्रग्राम पुलिस द्वारा गुम इंसान क्रं. 30/25 07 मई सूचनाकर्ता शिवचरण पिता नर्मदा प्रसाद चंद्रवंशी उम्र 35 वर्ष निवासी बरबसपुर का रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरी पत्नी रामबाई चंद्रवंशी (परिवर्तित नाम) उम्र 27 वर्ष 07 मई को घर से बिना बताये दो छोटे बच्चो को छोडकर कही चली गई है जिसकी रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 30/25 कायम कर गुमशुदा की पता तलाश की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए दौरान पता तलास 08 मई को रामबाई (परिवर्तित नाम) पति शिवचरण चंद्रवंशी उम्र 27 वर्ष निवासी बरबसपुर को कस्बा राजेन्द्रग्राम से बुलाया जाकर थाना पर दस्तयाब किया जाकर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया है। गुमशुदा की दस्तयाबी में थाना प्रभारी राजेन्द्रग्राम निरी वीरेन्द्र कुमार बरकरे, प्रधान आरक्षक राजेंद्र यादव, आर. 267 दुर्गेश सिंद्राम की अहम भूमिका रही।

## ठेकेदार की लापरवाही के कारण आवागमन करने में करना पड़ता है परेशानी का सामना



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 8 में नगर पालिका के द्वारा नाली निर्माण का कार्य ठेकेदार के माध्यम से करवाया जा रहा है। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण आसपास के रह वासियों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताया जाता है कि नगर के वार्ड क्रमांक 8 मे चट्टी महाराज के घर के बगल से जाने वाली गली में नगर पालिका के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से नाली का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है और यह का लगभग 1 माह से ठेकेदार के द्वारा शुरू किया गया है लेकिन कार्य कछुआ गति होने के कारण आसपास के रहवासियों को आने जाने के साथ ही घरों से बाहर निकलने में भी परेशानी हो रही है । आसपास के रहवासियों ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा लगभग 1 माह से नाली का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है जिसके लिए गड्ढा खोदा गया है और गड्ढे से निकले मलवा को नहीं हटवाया जा रहा है साथ ही घरों से हम लोग बाहर नहीं निकल पा रहे हैं हमें यह डर सता रहा है कि कहीं नाली के लिए खोदे गए गड्ढे में कोई घर का सदस्य गिर कर चोटिल न हो जाए। सबसे बड़ी दिक्कत इस बात की है कि यह गली बहुत ही सकरी है। हमारे द्वारा नगर पालिका में भी शिकायत की गई लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है आसपास के रहवासियों ने जल्द से जल्द नाली का निर्माण कार्य शुरू करवाते हुए गली में पड़े मलबे को हटाए जाने की मांग की है जिससे आने जाने में परेशानी न हो।

## अनुत्तीर्ण विद्यार्थी दे सकेंगे सभी विषयों की दोबारा परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है। परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों व ऐसे विद्यार्थी जो उत्तीर्ण तो हो गए हैं लेकिन कुछ विषयों में कम नंबर आने से उनका डिवीजन नहीं बन पाया है, ऐसे सभी विद्यार्थियों के लिए 17 जून से माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दोबारा परीक्षा आयोजित की जायेगी। पिछले वर्ष ओपन बोर्ड द्वारा रुक जाना नहीं के माध्यम से जो परीक्षा आयोजित की गई थी उसमें बोर्ड चेंज था कुछ पैटर्न भी अलग था तथा परीक्षा फीस बहुत अधिक थी तथा मात्र अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए ही दोबारा परीक्षा आयोजित की जाती थी लेकिन इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 17 जून से संपूर्ण परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है इससे हजारों छात्रों को फायदा मिलेगा जहां एक और फीस कम लगेगी। वहीं दूसरी ओर पुस्तकों पाठ्यक्रम आदि का कोई झंझट नहीं होगा साथ ही बोर्ड न बदलने से ग्राहयता आदि की समस्या भी नहीं आएगी।

अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को भी अगली कक्षा में अस्थाई प्रवेश मिल सकेगा जिसके कारण रिजल्ट आने पर उपस्थिति कम होने की संभावना नहीं होगी। अब परीक्षा परिणाम आने के बाद विद्यार्थियों में वैसी निराश नहीं होगी जैसी पिछले सालों में रहती थी क्योंकि एक ही जवाब आता था साल खराब हो गया अब साल खराब नहीं होगा विद्यार्थी चाहे तो दो-तीन महीना में अच्छी तैयारी करके साल खराब होने से बच सकता है।

## घायल हुए किशोर को डायल-112/100 एफआरव्ही ने पहुँचाया अस्पताल



**हरिभूमि न्यूज जैतहरी।** थाना जैतहरी क्षेत्र के भेलमा गाँव के पास एक एक्सिडेंट हो गया है, 01 व्यक्ति घायल हो गये है पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में 08 मई को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल जैतहरी थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक रवि हनोतिया, पायलेट अशोक कुमार राठौर ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि मोटर साईकिल के अनियंत्रित हो जाने से रुद्राक्ष सिंह मरावी पिता लाखन सिंह मरावी उम्र 17 वर्ष निवासी ग्राम उमरिया भेलमा मोटर साइकिल से गिर कर घायल हो गये थे। डायल-112/100 एफआरव्ही द्वारा घायल को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल जैतहरी पहुँचाया गया। डायल-112/100 जवानों की तत्परता से घायल किशोर को समय पर उपचार मिला।

## थाना अमरकंटक द्वारा की गई अवैध कबाड़ पर कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग पुष्पराजगढ के निर्देशन में थाना प्रभारी अमरकंटक निरीक्षक एल.बी. तिवारी के नेतृत्व में थाना अमरकंटक पुलिस स्टाफ द्वारा 07/05/2025 की रात्रि में गस्त के दौरान मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि लाल कलर की 1109 मिनी ट्रक क्रमांक सी जी 08 ए ई 8819 जिसके ऊपर काले तिरपाल से बँधा है जिसमें चोरी के कबाड़ लेकर गौरेला पैण्ड्रा से अमरकंटक होते हुए जबलपुर तरफ जा रहा है कि सूचना पर थाना प्रभारी एल. बी. तिवारी, उनि पी.एस. बघेल, सउनि ईश्वर यादव, प्र. आर. तिलक सिंह, आर. पंकज निरंकार मय शासकीय वाहन के अमरकंटक के पास बांधा तिराहा में नाका बंदी कर आज दिनांक 08/05/2025 के सुबह 05.00 बजे गौरेला तरफ से अमरकंटक होते हुए लाल कलर की 1109 मिनी ट्रक क्रमांक सी जी 08 ए ई 8819 ट्रक जा रही थी जिसे रोककर चेक किया गया जिसमें लोहे का



कबाड़ होना पाया गया ड्राईवर इखलाख खान पिता मोहम्मद जलील खान उम्र 45 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 04 मऊहारपारा मनेन्द्रगढ़ जिला कोरिया (छ.ग), साथी उदित नारायण पिता नवालाल गौंड उम्र 38 वर्ष वार्ड क्रमांक 04 मऊहारपारा मनेन्द्रगढ़ जिला कोरिया (छ.ग) से कबाड़ के संबंध में दस्तावेज चाहा गया जो नहीं होना बताया पूछताछ में ड्राईवर ने बताया कि यह कबाड़ रियाजुद्दीन पिता सिराजुद्दीन निवासी मनेन्द्रगढ़ जिला कोरिया छत्तीसगढ़ का होना बताया जिससे उपरोक्त चालक एवं साथी का जुर्म धारा 35 (1) डी बी.एन.एस.एस., 303 (2) बी.एन.एस. के तहत दण्डनीय पाये जाने से मौके से कबाड़ से भरा ट्रक जप्त किया गया जप्तशुदा कबाड़ (स्क्रेप) लगभग 11 टन एवं वाहन कुल कीमत लगभग 20 लाख रुपये कब्जा पुलिस लिया गया आरोपीगणों के विरुद्ध इस्तगासा क्रमांक 01/25 धारा 35(1) डी बी.एन.एस.एस., 303(2) बी.एन.एस. का कायम कर विवेचना किया जा रहा है एवं वाहन मालिक एवं कबाडी रियाजुद्दीन की पता तलाश जारी है।

## मॉक ड्रिल के दौरान आपदा प्रबंधन टीम ने संभाला मोर्चा

# ट्रेन में आग और बम विस्फोट से मचा हडक़ंप



**हरिभूमि न्यूज शहडोल।** गुरुवार की सुबह शहडोल स्टेशन यार्ड में गुड्स शेड के सामने उस वक्त हडक़ंप मच गया जब वहां खड़ी स्पेशल ट्रेन की बोगी में आग लगने के साथ ही बम विस्फोट हो गया। चारों तरफ यात्रियों की चीख पुकार सुनाई देने लगी। ऐसी स्थिति में मंडल रेल आपदा प्रबंधन की टीम और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाला और बचाव व राहत का कार्य शुरू किया। टीम के जांबाज सदस्यों ने कुछ देर की मशक्कत के बाद यात्रियों को सकुशल ट्रेन की बोगी से बाहर निकाल लिया और उसके बाद स्थिति सामान्य हो गई, लेकिन यह सब कुछ असल में नहीं हुआ, बल्कि ट्रेन दुर्घटना के दौरान किए जाने वाले राहत कार्य और बचाव का मॉक ड्रिल था। इस मॉक ड्रिल में बम विस्फोट होने के कारण उत्पन्न हुई आपदा से निपटने के लिए किए जाने वाले बचाव व राहत कार्य का प्रदर्शन किया गया। यह अभ्यास प्रदर्शन



राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 11वीं बटालियन, मंडल संरक्षा विभाग, रेल आपदा प्रबंधन टीम तथा सिविल डिफेंस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

### बचाव की पूरी प्रक्रिया दिखाई

प्रदर्शन में शहडोल स्टेशन यार्ड के गुड्स शेड के पास एक स्पेशल ट्रेन के एक सामान्य कोच में बम विस्फोट होने से 01 यात्री की मौत तथा 14 यात्रियों के गंभीर रूप से घायल होने तथा कोच में आग लगने की सूचना प्रसारित की गई। साथ ही एक संदिग्ध पार्सल पेकेट देखे जाने की सूचना आरपीएफ़ तथा स्थानीय पुलिस विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही आरपीएफ़ तथा स्थानीय पुलिस की टीम दल-बल के साथ मौके पर पहुंची तथा डॉग स्क्वाड की सहायता से बम होने की पुष्टि करते हुए इसे डिस्पोज किया। इसके साथ ही दुर्घटना राहत यान एवं दुर्घटना राहत चिकित्सा यान के साथ मंडल रेल आपदा प्रबंधन टीम एवं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल टीम तथा फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा घटना स्थल पहुंच कर राहत व बचाव कार्य करने की पूरी प्रक्रिया को दिखाया गया।

### घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया

ग्रीन कॉरीडोर बनाकर एम्बुलेंस से गंभीर रूप से घायल यात्रियों को त्वरित चिकित्सा प्रदान करने के लिए रेलवे अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान यह भी बताया गया कि ऐसी आपात कालीन स्थिति में कैसे पीड़ितों को सुरक्षित बाहर निकाला जाए और उनकी कैसे सहायता की जाए। साथ ही आग को बुझाने के विभिन्न तरीकों को भी जीवंत रूप में दिखाया गया। इस अभ्यास प्रदर्शन के माध्यम से किसी भी आपदा की स्थिति से निपटने हेतु राहत एवं बचाव कार्यों की गतिविधियों को भी दिखाया गया।

### हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया

बचाव व राहत कार्यों के तैयारियों की मानीटरिंग मुख्यालय वार रूम से अपर महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षों द्वारा तथा मंडल वार रूम से मंडल रेल प्रबंधक व शाखाधिकारियों द्वारा की गई। साथ ही यात्रियों को घटना की त्वरित व सटीक





जानकारी प्रदान करने के लिए मंडल के बिलासपुर, अनूपपुर, उसलापुर, चांपा, कोरबा, रायगढ़, ब्रजराजनगर सहित सभी प्रमुख स्टेशनों में मी आई हेल्प यू बूथ तथा हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए। अभ्यास प्रदर्शन के दौरान लगाए गए प्राथमिक उपचार केंद्र, पूछताछ केंद्र, सहायता केंद्र व सभी राहत स्टालों का अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया।

### मॉक ड्रिल में इनका रहा योगदान

यह संयुक्त अभ्यास संरक्षा विभाग, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), मंडल संरक्षा विभाग, रेल आपदा प्रबंधन टीम तथा सिविल डिफेंस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसमें सिविल डिफ़ेंस, स्काउट-गाइड, सेंट जोन्स ऐंबुलेंस, एआरटी स्टॉफ, एआरामई स्टॉफ़, आरपीएफ, वाणिज्य विभाग, चिकित्सा विभाग सहित सभी विभाग के कर्मचारियों द्वारा विशिष्ट योगदान दिया गया। इस अभ्यास प्रदर्शन में अपर मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर चंद्रभूषण, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन सहित मुख्यालय व मंडल के सभी संबंधित विभाग के अधिकारी एवं बडी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि एनडीआरएफ एवं रेलवे टीम के लिए आपदा के समय अनुभव तथा विशेषज्ञता आदान-प्रदान करने और हमेशा सतर्क रहने के लिए इस तरह का मॉक ड्रिल समय-समय पर किया जाता रहता है।

## खबर संक्षेप

### सहायक ग्रेड-3 की 2 वार्षिक वेतन वृद्धियां पर रोक

**हरिभूमि न्यूज शहडोल।** कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने उमरिया जिले के सहायक ग्रेड-3 तहसील कार्यालय पाली शैलेंद्र दुबे को कार्यों में लापरवाही बतरने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया था तथा प्रकरणों का अवलोकन किया गया था। कमिश्नर ने आदेश जारी करते हुए सहायक ग्रेड-3 तहसील कार्यालय पाली शैलेंद्र दुबे के पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई है, जिसके लिए वे दोषी हैं। अतएव प्रस्तुत उत्तर संतोषप्रद व समाधानकारक न पाये जाने के कारण म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के नियम-10(4) के अंतर्गत आगामी 02 वार्षिक वेतन वृद्धियां असंचयी प्रभाव से रोकते हुये जारी कारण बताओ सूचना पत्र से प्रचलित कार्यवाही इसी स्तर समाप्त किया जाता है।

### कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन व बैठक पर लगाई रोक



**हरिभूमि न्यूज शहडोल।** मध्यप्रदेश प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया है कि देश की वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कांग्रेस द्वारा आगामी आदेश तक किसी भी तरह के विरोध प्रदर्शन व बैठक पर पूर्णतः रोक लगाई जा रही है। साथ ही जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने जिले के समस्त कांग्रेसजनों को निर्देशित करते हुए कहा है कि सभी कांग्रेसजन अपने - अपने क्षेत्र मे निवासरत फौजी भाइयों के घर जाकर उनका एवं उनके परिवारजनों का माल्यार्पण कर सम्मानित करें व भारतीय फौज जिंदाबाद के नारे लगाएं।

### शिवानी पटेल ने क्षेत्र का नाम किया रोशन

**सिलौंडी।** एक किसान की बेटी और क्षेत्र की जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गा पारस पटेल की बेटी शिवानी पटेल ने 10वी की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है । सरस्वती शिशु मंदिर पान उमरिया में पढ़ने वाली एक छोटे से गांव की बेटी ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया।

# 350 जोड़ों ने एक दूसरे को वर माला पहनाकर शादी के बंधन में बंधे



### अतिथियों ने वर-वधु पर फूलों की बौछार कर दिया आशीर्वाद

**हरिभूमि न्यूज शहडोल।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, निकाह योजना अंतर्गत जिले के ब्यौहारी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत रसपुर में सामूहिक विवाह का आयोजन सम्पन्न हुआ। आयोजन में 349 जोडों की शादी हिन्दू एवं 1 जोड़े का निकाय मुस्लिम रीति रिवाज से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेवारी जिला प्रशासन सम्हाल रहा था। वहीं जनप्रतिनिधि एवं आम जन बाराती थे। ब्यौहारी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत रसपुर के उक्सा बगीचा में रंग विरंग परिधानों में वर एवं वधू एवं परिजन, रिश्तेदार उत्साह के साथ सुबह से ही विवाह स्थल में पहुंच रहे थे। खुशनुमा माहौल था। ग्रामीण जन अतिथियों के स्वागत सत्कार की व्यवस्था में जुड़े हुए थें। घराती एवं बाराती पक्ष अपने मेहमानों के साथ कार्यक्रम स्थल में पहुंच रहे थे। ढोल ढमाके, बाजे,गाजे के साथ बारात निकली, जिसकी अगुआई जिला प्रशासन की तरफ से कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह, अनुविभागीय

**वैदिक रीति-रिवाज एवं ढोल ढमाकों के बीच सम्पन्न हुआ सामूहिक विवाह जिला प्रशासन बना मेजबान और जन प्रतिनिधि बने बराती**

अधिकारी राजस्व सुश्री सौम्या आनंद, तहसीलदार दीपेन्द्र पाडेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विजय सिंह उप संचालक सामाजिक न्याय सुश्री प्रज्ञा मरावी व अन्य अधिकारियों के द्वारा की गई। अतिथियों द्वारा नव वर-वधू को राज्य सरकार के प्रावधान के अनुरूप 49 हजार रूपये के चेक भेंट किए गए। जो नव दम्पत्ति को गृहस्थी के सामान एवं अन्य कार्यों के लिए व्यय किए जा सकेंगे।

### विवाह की जिम्मेदार सरकार की

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने अब बेटियां अपने ससुराल खाली हाथ नहीं जाएंगी। प्रदेश सरकार गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह की जवाबदारी अपने हाथों में ले रखी है। कन्याओं का विवाह पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया। अब कन्या विवाह के लिए अभिभावकों को अपनी जमीन या जायजाद गिरवी रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कन्या पक्ष वर तलाश कर ऑनलाइन आवेदन करें। विवाह की सम्पूर्ण जिम्मेवारी राज्य सरकार की होगी।

### अभिभावकों की चिंता की लकीरें मिटी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ब्यौहारी शरद जुगलाल कोल ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, निकाह योजना के तहत गरीब परिवारों की कन्याओं का विवाह धूम-धाम से सम्पन्न होने पर गर्व महसूस होता है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रयासों से अब बेटियां बोझ नहीं वरदान बन गईं हैं। अब बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम फहरा रही हैं। चाहे डॉक्टर हो, इंजीनियर हो, वैज्ञानिक हो या शिक्षा, आंतरिक्ष अथवा खेल कूद का क्षेत्र हो। शासन की इस योजना से गरीब परिवारों के अभिभावकों की चिंता की लकीरें



मिट गई हैं। अब सरकार आगे आकर इन कन्याओं का विवाह सम्पन्न करा रही है। आपने नव वर वधुओं के सफल विवाह की शुभकामनाएं दी।

### इनकी रही मौजूदगी

सामूहिक विवाह को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने विवाह सूत्र में बंधने वाले नव दम्पत्तियों के सफल जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर अतिथियों द्वारा नव वर-वधू को राज्य सरकार के प्रावधान के अनुरूप 49 हजार रूपये के चेक भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन रवि द्विवेदी ने किया। आयोजित सामूहिक विवाह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आंकाक्षी सिंह, अध्यक्ष नगर परिषद राजन गुप्ता, श्रीमती चंद्रकली पटेल, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती सुधा रजक, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल, ,दुर्गेश तिवारी, हरि शरण चतुर्वेदी, ग्राम सरपंच शंभू कोल अधिकारी, कर्मचारी एवं काफी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### महिला के खाते से गायब हुए 19 हजार रुपये


**ढीमरखेड़ा।** सिलौड़ी में एक महिला आधार अपडेट कराने गई और ठगी का शिकार हो गई। पीड़िता महिला ने कटनी पुलिस अधीक्षक को शिकायत कर खाते से गायब हुए रुपये वापस दिलाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सिलौड़ी निवासी पीड़िता रानी साहू ने शिकायत करते हुए बताया कि वह गांव में ही एक दुकान पर आधार अपडेट कराने गई थी। जहा पर दो युवकों ने मशीन में अंगूठा लगवाया और कहा कि तीन दिन में आधार अपडेट हो जाएगा। महिला ने तीन दिन बाद खाता चैक कराया तो पता चला कि उसके खाते से करीब 19 हजार रुपये निकल गए हैं। अब खुद के रुपये पाने परेशान पीड़िता ने पुलिस की सहायता ली है।

## श्री निधि मिश्रा का कोलकाता ट्रांसफर, कुशमुण्डा से आए कुशल सिंह ने संभाला कार्यभार



**हरिभूमि न्यूज धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र में सेल्स विभाग के प्रमुख अधिकारी श्री निधि मिश्रा का स्थानांतरण कोल इंडिया द्वारा कोलकाता के लिए कर दिया गया है। उन्होंने बुधवार को सोहागपुर एरिया से कार्यमुक्त होकर कोलकाता के लिए प्रस्थान किया। श्री मिश्रा के स्थान पर कुसमुंडा एरिया से स्थानांतरित होकर आए अनुभवी सेल्स अधिकारी श्री कुशल सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया। श्री मिश्रा को उनके योगदान के लिए महाप्रबंधक कार्यालय में सम्मानित कर विदाई दी गई। श्री निधि मिश्रा ने सेल्स अधिकारी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कोयला डिस्पैच, कोयला सैंपलिंग और ट्रांसपोर्टिंग व्यवस्था सुधार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य किया। उनकी रणनीतिक सोच और योजनाबद्ध कार्यप्रणाली के कारण सोहागपुर एरिया को करोड़ों रुपये का प्रत्यक्ष लाभ हुआ। कोयला चोरी पर नियंत्रण और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।महाप्रबंधक कार्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त विदाई समारोह में सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक वी श्री कृष्णा सहित अन्य अधिकारियों ने श्री निधि मिश्रा को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर उनके कार्यों की सराहना करते हुए अधिकारियों ने कहा कि श्री मिश्रा जैसे समर्पित अधिकारी की सेवाएं संगठन के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगी।वहीं, नए सेल्स अधिकारी के रूप में कार्यभार संभालने वाले श्री कुशल सिंह पूर्व में भी एरिया में कार्य कर चुके हैं। उन्होंने अपने अनुभव और कुशलता से हमेशा ही कोयला डिस्पैच पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है, जिससे कोयला अधिक मात्रा में डिस्पैच हो सके और कंपनी को बेहतर लाभ प्राप्त हो। श्री सिंह ने कार्यभार ग्रहण करते ही कहा कि वे भी अपनी पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे जिससे कंपनी लाभ कि ओर अग्रसर रहे।

## विद्या भारती सरस्वती उमा के भैया बहनों ने दिखाई प्रतिभा



**हरिभूमि न्यूज, बिरसिंहपुर पाली।** विद्या भारती सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरसिंहपुर के कक्षा द्वादश के भैया बहनों का वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा जिसमें भैया दिव्यांश अवधिया 434 / 500 अंक प्राप्त करके विद्यालय के प्रथम स्थान पर रहे बहन निधि गुप्ता 416 /500 अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान पर रहे भैया शुभम गुप्ता 416 /500 अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान पर रहे बहन गायत्री रजक 407/500 अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान पर रहीं बहन सत्यभामा गुप्ता 396 /500 अंक प्राप्त करके चतुर्थ स्थान पर रहीं बहन भूमिका यादव 393 /500 अंक प्राप्त करके पंचम स्थान पर है सभी को समिति एवं विद्यालय परिवार ने हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। इसी प्रकार सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरसिंहपुर पाली का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा बहन श्रद्धा अग्रवाल 446 /500 अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान पर रही बहन अंशिका गुप्ता 441/500 अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान पर रही भैया सार्थक विश्वकर्मा 415 /500 अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान पर रहे बहन कविता सेन 395/500 अंक प्राप्त करके चतुर्थ स्थान पर रहीं भैया नमन चतुर्वेदी 378 /500 अंक प्राप्त करके पंचम स्थान पर रहे। सभी को विद्यालय परिवार एवं समिति ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# बिरसिंहपुर पाली के संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र में बढ़ाई गई सुरक्षा, अनावश्यक व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित




**हरिभूमि न्यूज बिरसिंहपुर पाली ।** उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली स्थित संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। भारत-पाकिस्तान के बीच उत्पन्न तनावपूर्ण हालातों के मद्देनजर विद्युत केंद्र की सीमा में अनावश्यक व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासन ने यह निर्णय एहतियातन तौर पर लिया है ताकि किसी भी संभावित खतरे से केंद्र की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके।केंद्र के मुख्य अभियंता एच.के. त्रिपाठी ने बताया कि जबलपुर से प्राप्त उच्चस्तरीय निर्देशों के तहत यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश की सुरक्षा स्थिति को देखते हुए संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। ऐसे में केंद्र की कालोनी सहित पूरे परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा कर दिया गया है।उन्होंने बताया कि अब केवल आवश्यक और प्राधिकृत व्यक्तियों को ही केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके साथ ही सभी कर्मचारियों और निवासियों से अनुरोध किया गया है कि वे सुरक्षा कर्मियों द्वारा की जा रही जांच प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग करें। परिसर के अंदर और बाहर के क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है तथा समय-समय पर औचक निरीक्षण भी किए जा रहे हैं। मुख्य अभियंता ने यह भी कहा कि यह कदम केवल वर्तमान सुरक्षा परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है और यह अस्थायी व्यवस्था है, जो स्थिति सामान्य होने पर समीक्षा के उपरांत समाप्त की जा सकती है।विद्युत केंद्र प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों और कर्मचारियों से संयम बरतने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में संयम और जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है और सभी को मिलकर इस चुनौतीपूर्ण समय में सहयोग करना चाहिए।

## पंचकोशात्मक विकास से भैया बहनों का समग्र विकास: श्रीमती संतोषी सोनी



**हरिभूमि न्यूज बिरसिंहपुर पाली ।** विद्याभारती सरस्वती उच्च. माध्यमिक विद्यालय बीरसिंहपुर पाली जिला उमरिया में प्रांतीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग के चतुर्थ दिवस के वंदना सत्र में अध्यक्ष के रूप में श्री दिलीप पांडे (पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा जिला उमरिया )एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती राजकुमारी गुप्ता (महिला मंडल अध्यक्ष पाली) एवं श्रीमती राधा तिवारी (मंडल अध्यक्ष भाजपा पाली मंडल), श्रीमती रुचि पाण्डेय ( पूर्व छात्रा), विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री विष्णु देव सिंह (अध्यक्ष अधिवक्ता संघ पाली ) श्री नंदलाल प्रजापति ( सह जिला सचिव उमरिया) की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिसमें श्री दिलीप पांडे ने प्रशिक्षण की महत्ता के बारे प्रशिक्षार्थियो को पाथेय प्रदान किए तत्पश्चात श्रीमती संतोषी सोनी दीदी (वर्ग संयोजिका) ने पंचकोशात्मक विकास से समग्र विकास विषय पर अपना पाथेय प्रदान करते हुए प्रकृति के पंचमहाभूत (क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर)को पंचकोशात्मक विकास (अन्नमय कोश, प्राणमय कोश, मनोमयकोश, विज्ञानमय कोश ,आनंदमयकोश)से जोडते हुए विद्याभारती के आधारभूत विषयों (शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा, संगीत शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा) के समायोजन से भैया बहनों के समग्र विकास की विस्तार से चर्चा किए जैसा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भैया बहनों के 360 डिग्री के समग्र विकास की कल्पना की गई है। प्रातः अग्निहोत्र( हवन) कार्यक्रम में यजमान के रूप में श्री नरोत्तम गुप्ता (शिक्षक) सपरिवार उपस्थित रहे ।

## घटना पर पुलिस भी अचंभित, विवेचना में लिया मामला

# पीडीएस दुकान देवगंवा में 180 बोरी चावल की हुई चोरी

अनूपपुर जिले में चोरी का एक ऐसा मामला सामने आया है जो की असंभव सा लग रहा है, दरअसल देवगंवा पीडीएस दुकान से 180 बोरी चावल चोरी होने की शिकायत प्रबंधक द्वारा दी गई है, लैम्पस प्रबंधक की शिकायत के आधार पर भालूमाड़ा पुलिस पूरे मामले में गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस को चोरी के पूरे मामले में खाद्यान्न की हेरा-फेरी का शक है की रातों-रात 180 बोरी चावल चोरी करना किसी भी चोर के लिए असंभव है।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।





अनूपपुर जिले के भालूमाड़ा थाना अंतर्गत देवगवां लैम्पस की पीडीएस दुकान देवगंवा में 180 बोरी (90 क्विंटल) चावल चोरों द्वारा चोरी करने का मामला सामने आया है। चोरी के मामले में सबसे रोचक बात यह रही की चोरों द्वारा चावल की चोरी करने के बाद पीडीएस की गोदाम और दुकान में नए ताला भी लगा के चले गए जिन्हें बाद में पुलिस द्वारा तोड़ा गया है। मामला बीते सोमवार का है पीडीएस दुकान संचालक दुकान खोलने पहुंचे वहां दुकान पर नए ताला लगा हुआ देखा तो विभाग और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी इसके बाद ताला तोड़ा गया। ताला तोडऩे के बाद पीडीएस दुकान में रखें चावल में से 180 बोरी चावल गायब पाए गए जिसकी शिकायत थाने में की गई है।

### चोरी या साजिश के तहत गायब हुआ खाद्यान

देवगवां में पूर्व में भी दो बार चोरों ने खाद्यान्न चोरी को अंजाम दिया है वर्तमान में बड़ी तादाद में चावल की चोरी पूरे मामले को संशय की ओर ले जाती है। 180 बोरी चावल चोरी करने के लिए चोरों को बड़े वाहन और पर्याप्त समय की आवश्यकता थी लेकिन ग्रामीणों से पूछताछ के अनुसार किसी प्रकार की बड़ी गाड़ी का पीडीएस दुकान के पास आना-जाना और चोरी जैसी हरकत नहीं हुई है वही पीडीएस गोदाम के संचालक सुरेंद्र पांडे का मानना है कि 21 तारीख के बाद दो से तीन बार गोदाम से चावल आया है और उसके बाद जब दुकान बंद की गई तो खोलने पर 90 क्विंटल चावल गायब पाया गया है। गायब हुए चावल को लेकर पुलिस और जानकारों का मानना है कि चोरी के साथ-साथ खाद्यान्न की भी हेरा फेरी हो सकती है।

### पुलिस को खाद्यान्न हेरा फेरी की संभावना



हेराफेरी की है पूरी संभावना, चोरी के बाद चोर ने लगाया नया ताला

भालूमाड़ा थाने के देवगवां पीडीएस (शासकीय उचित मूल्य की दुकान) में चोरों ने नए तरीके से चोरी की है। चोरों द्वारा 180 बोरी (90 क्विंटल) चावल की चोरी की है जिसके बाद चोरों ने खुद ही दुकान और पीडीएस के गोदाम पर नए ताले लगा दिया है। देवगवां पीडीएस दुकान में तीसरी बार चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने चोरी गए चावल की बोरियों की तादाद को लेकर मामला संगीन है। पुलिस ने संभावना जताई है कि पूर्व में भी दो बार दुकान में चोरी हुई है जिस पर अब तक खुलासा नहीं हो पाया है वर्तमान में अतिरिक्त रूप में डेढ़ सौ क्विंटल चावल मंगाया गया था इसके बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है जिससे पूरा मामला संगीन नजर आ रहा है, मामले में खाद्यान्न की हेरा फेरी भी हो सकती है जिसको लेकर मामले को भी विवेचना में ले लिया गया है और विवेचना के बाद तथ्य खुलकर सामने आएंगे।

### डेढ़ सौ क्विंटल का अतिरिक्त आवंटन क्यों?

2018 में पीडीएस दुकान देवगवां में 2 क्विंटल 64 किलोग्राम खाद्यान्न चोरी को चोरों ने अंजाम दिया था इसके बाद से अब तक दुकान संचालक द्वारा लगातार लगभग इतना ही चावल अतिरिक्त आवंटन किया जाता रहा है लेकिन वर्तमान में उक्त दुकान में आवंटन के नाम पर अतिरिक्त आवंटन डेढ़ सौ क्विंटल का था। जिसमें से 90 क्विंटल की चोरी हुई है। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि अगर 2 क्विंटल 64 किलोग्राम की खाद्यान्न की कमी थी तो 150 क्विंटल अतिरिक्त आवंटन किस लिए देवगवां को दिया गया।

### इनका कहना है

180 बोरी चावल की चोरी पीडीएस दुकान से हुई है पूरे मामले को पुलिस के संज्ञान में लाया गया है पुलिस कार्यवाही कर रही है।

सुरेंद्र पांडे, संचालक एवं प्रबंधक
पीडीएस दुकान

********************************

*शिकायत प्राप्त हुई है कि देवगंवा के पीडीएस दुकान में चोरी हुई है चोर ताला भी लगा कर गए थे, 180 बोरी की चोरी में हेरा फेरी की संभावना है पुलिस पूरे मामले में विवेचना कर रही है जल्द ही मामले का खुलासा होगा।*

**संजय खलको**
थाना प्रभारी भालूमाड़ा

# प्रबंधन की सक्रियता से अवैध विद्युत कनेक्शनधारी में हड़कंप

## जमुना कोतमा क्षेत्र में काटे गए लगभग 15 सौ कनेक्शन

**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र में 8 मई को चंदेश्वर दयाल एसओई एंडीम विद्युत यांत्रिक विभाग के नेतृत्व में जमुना कोतमा क्षेत्र में लगभग 15 सौ अवैध विद्युत कनेक्शन काटे गए जिससे अवैध विद्युत कनेक्शन धारी में हड़कंप मच गया 08 मई को महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी के निर्देशानुसार चंदेश्वर दयाल अपनी टीम में सुधीर कुमार इंजीनियर, मारकंडेय सिंह सुरक्षा प्रभारी, सुशील सराफ, हरजेश शर्मा, राम बहोरी, दिवाकर सिंह, फूल सिंह, नीरज गुप्ता, प्रकाश मिश्रा, रमेश तिवारी व इलेक्ट्रीशियन विद्युत विभाग जमुना कोतमा क्षेत्र के द्वारा टाउनशिप में अवैध कनेक्शन काटा गया जिसमें लगभग 1 मेटा डोर तार एकत्र करके मुख्यालय के स्टोर में जमा किया गया। ज्ञात हो कि अवैध विद्युत कनेक्शन रहने से कालरी प्रबंधन को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा था इसलिए एसईसीएल प्रबंधन ने यह कदम उठाया है। मारकंडेय सिंह एरिया सुरक्षा प्रभारी ने बताया कि जमुना कोतमा क्षेत्र में जितने भी अवैध कनेक्शन काटे गए हैं अगर उसे पुनः जोड़ा जाता है तो अगली बार पुलिस को लेकर जाया जाएगा और कनेक्शन धारीयो के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व लगभग 1 हजार अवैध कनेक्शन काटे गए थे लेकिन अवैध कनेक्शन धारी बाज नहीं आ रहे हैं।



### कलेक्टर ने 8 लोगों को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र किए प्रदान

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा शासकीय सेवकों की सेवा के दौरान मृत्यु होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उनके आश्रित सदस्यों को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र दिया गया। जिसमें 4 लोगों को प्रयोगशाला परिचायक तथा 4 लोगों को भृत्य पद के लिए अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही मेहनत एवं लगन से विभागीय कार्यों को सम्पादित करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री सरिता नायक, क्षेत्र संयोजक जनजातीय कार्य विभाग एस.के. बाजपेयी उपस्थित थे।



# धराशायी होकर गिरा आम का पेड़ एवं बिजली खंभे को हटाए जाने की मांग



हरिभूमि न्यूज कोतमा

नगर के वार्ड क्रमांक 6 देबू किराना दुकान के पास जाने वाले रास्ते में कई बड़े-बड़े आम के वृक्ष लगे हुए हैं। नगर पालिका के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से वार्ड वासियों की मांग पर नाली एवं सड़क का निर्माण कार्य करवाया जाना है ठेकेदार के द्वारा नाली का निर्माण कार्य तो पूरा कर दिया गया लेकिन सीसी सड़क का निर्माण अधूरा ही पड़ा है इसका कारण रास्ते के बीचो-बीच बड़े-बड़े वृक्ष आ रहे हैं। पालिका के द्वारा वृक्ष को हटाए जाने की प्रक्रिया भी की जानी थी लेकिन एक भूमि स्वामी के द्वारा बीच सड़क पर ही बाउंड्री बनवाए जाने के लिए गड्ढा खुदवा दिया गया था लेकिन नगर पालिका प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद कार्य तो रोक दिया गया लेकिन विशालकाय वृक्ष लगे होने के कारण आसपास के रहवासियों को कोई बड़ी दुर्घटना घटित होने का अंदेशा हमेशा बना रहता है। कुछ दिन पूर्व तेज आंधी तूफान चलने के कारण वहीं पर लगा एक विशालकाय आम का वृक्ष धराशाई होकर गिर गया जिसके कारण किराए से रह रहे एक शिक्षिका के घर के ऊपर लगे सीमेंट शीट पर गिरा और वह क्षतिग्रस्त हो गया जिसके कारण शिक्षिका एवं उसके 5 साल के बच्चे को चोट भी आई और आज तक उस विशालकाय पेड़ एवं बिजली के खंभे को नहीं हटाया गया जिसके कारण लोगों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है रात के अंधेरे में तो दिखाई ही नहीं देता यहां तक की आसपास के रहवासियों ने बताया कि बिजली खंभा नहीं लगाई जाने के कारण रास्ते में अंधेरा बना रहता है रात्रि के समय कीड़े मकोड़े काटने का डर भी सताता है। आसपास के रहवासियों ने बीच सड़क पर लगे विशालकाय वृक्ष को हटाए जाने के साथ ही धराशाई होकर गिरा आम का पेड़ एवं बिजली खंभे को हटाए जाने की मांग नगर पालिका प्रशासन से की है।

# कोतमा पुलिस के हत्थे चढ़ा सूदखोर, पुलिस अधीक्षक की सराहनीय कार्यवाही

## कई चेक बुक सही नगद व अन्य दस्तावेज बरामद

हरिभूमि न्यूज कोतमा।





कोयलांचल क्षेत्र में सूदखोरी का नेटवर्क तेजी से फल फूल रहा है। जिसके चंगुल में हर तीसरा कालरी श्रमवीर इनके पास गिरवी हो चुका है। कोतमा क्षेत्र में काफी दिनो से सूदखोरी की शिकायतें प्राप्त हो रही थी जिस में अधिक ब्याज दरो पर जरूरत मंदो को ब्याज में पैसा देकर उनका शोषण किया जा रहा था उक्त शिकायतों के प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित कर सूदखोरो के संभावित स्थानो पर पुलिस के व्दारा दबिश दी गई। गुरुवार को एसडीओपी आरती शाक्य के नेतृत्व में अलग-अलग पुलिस टीमों के द्वारा सूदखोरी एवं फंड माफियाओं के 5 ठिकानों पर सुबह 6 बजे रेड कार्यवाही की गई। पुलिस को लहसूई निवासी पूर्व सदर मोहम्मद इकबाल अहमद के घर पर छापा मारते हुए कालरी श्रमवीरो की बैंक पासबुक, हस्ताक्षर युक्त चेक, कई बिना हस्ताक्षर चेकबुक, आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, वेतन स्लिप के साथ 3 लाख 18 हजार 940 रुपए जप्त कर सदर के पुत्र मोहम्मद मुस्तान खान उम्र 44 वर्ष के खिलाफ धारा 318 (4), 308(5) बीनस एवं 3/4 मध्य प्रदेश ऋणियों का संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। सूदखोरी के गढ़ कहे जाने वाले लहसूई गांव में पुलिस की छापेमारी पड़ते ही दर्जनों सूदखोरों में हड़कंप मच गया। कई चर्चित सूदखोर एवं फंड माफिया पासबुक, एटीएम एवं पेमेंट स्लिप को छिपाने में सफल रहे।

पुलिस अधीक्षक को क्षेत्र में काफी दिनो से सूदखोरी की शिकायतें प्राप्त हो रही थी जिसमें 10 से 20 प्रतिशत की ब्याज दरो पर कॉलरी कर्मचारियों को जाल में फांस कर उनका शोषण किया जा रहा था। फरियादी बृजलाल केवट पिता फत्तेलाल केवट उम्र 53 वर्ष निवासी गोविन्दा कालोनी आमाडांड़ कोतमा की रिपोर्ट पर मोहम्मद मुस्तान पिता इकबाल अहमद (पूर्व सदर) शिकायत प्राप्त हुई कि 50 हजार रूपये की उधारी 20 प्रतिशत मासिक ब्याज की दर पर दिया गया था। बदले में कई सारे दस्तावेज भी गहन कर लिया गया। ब्याज की राशि समय पर न दे पाने के कारण आरोपी द्वारा आए हैं घर आकर मारपीट, जान से मारने की धमकी देता था। शिकायत कर्ता की रिपोर्ट पर से अप.क्र. 182/25 धारा 318(4),308(5) बी.एन.एस.एवं 3,4 म.प्र. ऋणियो का संरक्षण अधि0 कायम कर मौके से पुलिस टीम के व्दारा आरोपी के घर ग्राम लहसुई गांव में दबिश की कार्यवाही की गई तो आरोपी मोहम्मद मुस्तान खान पिता इकबाल अहमद के घर कब्जे से आवेदक सहित 09 अदद बैंक पासबुक,19 अदद हस्ताक्षर युक्त चेक, 02 अदद बिना हस्ताक्षर युक्त चेक बुक, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कोल माईन्स कर्मचारी की वेतन स्लीप साथ ही 3,18,940 रूपये नगद जप्त किया जाकर आरोपी मोहम्मद मुस्तान खान पिता इकबाल अहमद उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम लहसुई गांव को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किए जाने की तैयारी की जा रही थी।

# पशुपालन विभाग के प्रत्येक योजनाओं का अधिकारी करें बेहतर क्रियान्वयन-कलेक्टर

## कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर



कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित प्रत्येक हितग्राही मूलक योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए ज्यादा से ज्यादा पशुपालक किसानों को लाभान्वित किया जाए। विभागीय अधिकारी ग्रामीण स्तर पर शिविरों और जनसंपर्क के माध्यम से यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग की प्रत्येक योजना जैसे गोकुल मिशन, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, डेयरी विकास योजना आदि का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन हो। इसका लाभ पात्र किसानों एवं पशुपालकों तक पहुँचना चाहिए। कलेक्टर अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पशु चिकित्सा अधिकारी (डॉक्टर) की पदस्थापना भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए तथा सुनियोजित रूप से ड्यूटी चार्ट तैयार कर कार्य का विभाजन किया जाए, जिससे पशु चिकित्सा सेवाएँ व्यवस्थित रूप से संचालित हो सकें। कलेक्टर हर्षल पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में एपीसी की बैठक में पशु पालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा सहित पशुपालन, उद्यानिकी, कृषि, सहकारिता एवं मत्स्य विभागों के अधिकारी तथा मैदानी अमला उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने पशुपालन एवं डेयरी विभाग के मैदानी अमले को निर्देश दिए कि वे नियमित फील्ड विजिट कर पशुपालकों से सीधा संवाद स्थापित करें। उन्हें सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर इन योजनाओं से सक्रिय रूप से जोड़ें। साथ ही, विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के लिए स्पष्ट जनपदवार लक्ष्य निर्धारित कर, समयबद्ध रूप से शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने पशु उपचार, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, कृत्रिम गर्भाधान से वंसोत्पादन, प्राकृतिक गर्भाधान सहित और विभिन्न संचालित के प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने किसान क्रेडिट कार्ड शिविर का विधिवत आयोजन एवं किसान क्रेडिट कार्ड योजना का किसानों को लाभ दिलाया जाए।

### अनूपपुर के आस-पास उद्यानिकी फसल रकबा बढ़ाएं अधिकारी

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने एपीसी की बैठक के अंतर्गत उद्यान की विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनूपपुर नगर के आसपास स्थित गांव में उद्यानिकी विकास को नई दिशा दिया जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे किसानों को आम, नींबू और अमरूद जैसी लाभकारी फसलों की खेती के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि अनूपपुर की जलवायु इन फसलों के लिए अनुकूल है, जिससे किसानों को बेहतर आमदनी प्राप्त हो सकती है। क्षेत्रवार किसानों की पहचान कर उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। इसके साथ ही, कृषि सिंचाई पद्धति, स्प्रिंकलर सेट तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य निर्धारित करें और अधिक से अधिक किसानों को उद्यानिकी फसलों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए।

### खरीफ सीजन में पारंपरिक फसलों के साथ-साथ नवाचार को दिया जाएं बढ़ावा

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने एपीसी के अंतर्गत कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को खरीफ सीजन में पारंपरिक फसलों के साथ-साथ नवाचार को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल धान पर निर्भरता कम करते हुए किसानों को मक्का, अरहर, मूंग, कोदो, कुटकी, सोयाबीन एवं रामतिल जैसी वैकल्पिक एवं लाभकारी फसलों की ओर प्रेरित किया जाए। इन फसलों से न केवल भूमि की उर्वरता बढ़ेगी, बल्कि किसानों को आर्थिक रूप से भी मजबूती मिलेगी। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि किसानों को उन्नत किस्म के बीज, उर्वरक, जैविक खाद एवं तकनीकी मार्गदर्शन समय पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने धान की विभिन्न किस्मों एवं उनकी गुणवत्ता संबंधी जानकारी लेकर क्षेत्र के अनुकूल किस्मों को अपनाने की सलाह भी दी। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि उद्यानिकी फसलों की तर्ज पर खरीफ फसलों के लिए भी कार्ययोजना तैयार कर क्षेत्रवार फसल विस्तार किया जाए। इससे किसान विविध फसलों से बेहतर आमदनी प्राप्त कर सकेंगे और कृषि क्षेत्र में नवाचार के साथ आत्मनिर्भर बनेंगे।

### सहकारी संस्थाओं को और अधिक प्रभावशाली एवं पारदर्शी बनाया जाए

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सहकारिता एवं मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक में पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने सहकारी संस्थाओं को और अधिक प्रभावशाली एवं पारदर्शी बनाने पर बल देते हुए कहा कि समितियों के प्रशासकों की यह जिम्मेदारी है कि वे गड़बड़ी की कोई गुंजाइश न रखें और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें। किसी भी अनियमितता की स्थिति में वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत सूचित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में सहकारिता विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में वर्तमान में 25 सहकारी समितियाँ कार्यरत हैं तथा 11 नई समितियों के गठन की प्रक्रिया प्रगतिशील है। कलेक्टर ने समितियों की दक्षता बढ़ाने और किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाने हेतु ठोस रणनीति बनाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने मत्स्य विभाग की योजनाओं और क्रियान्वयन की भी समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को योजनाओं का लाभ मत्स्य पालकों तक पहुँचाने हेतु सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझावों पर भी चर्चा हुई।

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर विनोद कुमार वर्मा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटेल की उपस्थिति में ग्राम पंचायत जमुड़ी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सकरा में नालसा की योजना- तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाऐं) योजना, 2015 एवं योजना- मानसिक रूप से बीमार एवं मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाऐं) योजना, 2015 के अंतर्गत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विनोद कुमार वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरा द्वारा उपस्थित ग्रामीणजन को तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाऐं योजना, 2015 एवं मानसिक रूप से बीमार एवं मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाऐं) योजना, 2024 के विषय पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा संचालित निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना एवं मध्यस्थता योजना की जानकारी दी साथ ही 10 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों को आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर निराकरण कराने हेतु आमजन से अपील की। उक्त कार्यक्रम में नरेश पटेल सचिव ग्राम पंचायत सकरा, विकास शुक्ला असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसेल, सईयाद अली उप सरपंच, कुशल सेन मोबलाईजर, डॉ0 पूजा सिंह सहित ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### कलेक्टर के निर्देशन में अग्निवीर सेना भर्ती



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में अग्निपथ योजना अन्तर्गत अग्निवीर सेना भर्ती के आवेदकों के शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का आयोजन पुलिस लाइन परेड ग्राउंड अनूपपुर में किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को दौड़, बीम पुल अप, गड्ढा कूदना और बैलेंसिंग बीम पर चलना जैसी चुनौतियों के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। विदित हो कि जिले में कुल 433 आवेदकों द्वारा अग्निवीर सेना भर्ती हेतु आवेदन किया गया है।

